## संपादकीय

# खुलता देश

लगातार कोरोना संक्रमण के प्रसार में गिरावट के आंकड़े सामने आ रहे हैं। एक माह बाद एक लाख से कम केस सामने आये। संक्रमण दर में भी गिरावट है। सुखद यह है कि बच्चे स्कूल जाते दिखे। स्कूल-कॉलेजों में रौनक लौटने लगी। अधिकतर राज्यों में कक्षा नौ से ऊपर के स्कूल खुलने लगे हैं। कुछ राज्यों में छोटे बच्चों के भी स्कूल खुले हैं। सही बात है कि जब सब कुछ खुलने लगा है तो स्कूल क्यों बंद रहें। पिछले दो सालों में बच्चों ने महामारी के भय, मानसिक तनाव तथा घुटन का वातावरण जीया है। कहने को बच्चों के लिये ऑनलाइन पढ़ाई का विकल्प मौजूद था, मगर कितने प्रतिशत बच्चों को यह लाभ मिला? अंग्रेजीदां स्कूल में तो यह कोशिश कुछ सीमा तक कामयाब रही, लेकिन सरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राओं की मजबूरी किसी से छिपी नहीं है। बहरहाल, यह निष्कर्ष सामने आया कि ऑनलाइन पढ़ाई परंपरागत पढ़ाई का अंतिम विकल्प नहीं है क्योंकि इसकी अपनी सीमाएं हैं। इसमें बच्चों का स्वाभाविक मानसिक विकास संभव नहीं है। संगी-साथियों के मिलने-जुलने के बिना उनका सामाजीकरण अधूरा रह जाता है। स्वाभाविक मानवीय संवेदनाएं विकसित नहीं होतीं। महामारी विशेषज्ञों ने भी कहा कि बच्चों में स्वाभाविक, मजबूत रोग प्रतिरोधक क्षमता उनका बचाव करती है। उन्हें संक्रमण का खतरा कम था लेकिन यदि स्कूल खुलते तो घर के बड़े-बुजुर्गों के लिये वे संक्रमण के वाहक बन सकते थे। सुखद है कि देश के पांच करोड़ किशोरों को पहला टीका लग चुका है। अच्छी बात है कि विद्यार्थी अब बोर्ड की परीक्षाओं की तैयारी कर पायेंगे। बहरहाल, जब देश में धूम-धड़ाके से चुनाव के सारे प्रपंच हो रहे हैं तो स्कूल ही क्यों बंद रहें? बशर्ते सुरक्षित दूरी, थर्मल स्क्रीनिंग से जांच और सैनिटाइजेशन की प्रक्रिया जारी रहनी चाहिए। इसे कुछ सालों के लिये जीवन के लिये न्यू नॉर्मल मान लें। दरअसल, महामारी विशेषज्ञ भी आश्वस्त नहीं हैं कि फिर कोई नया वेरिएंट नहीं आयेगा।

बहरहाल, देश खुलने लगा है। सामान्य गतिविधियां चलने लगी हैं। बाजार खुल गये हैं। चुनाव आयोग भी राजनीतिक दलों को कुछ छूट देने लगा है। केंद्र सरकार ने सौ फीसदी उपस्थिति के साथ ऑफिस चलाने को कह दिया। इसके बावजूद कोरोना के बचाव के तीनों मंत्रों मास्क, शारीरिक दूरी और सैनिटाइजेशन को हमें नहीं भूलना चाहिए। याद रहे कि देश में कोरोना संक्रमण से मरने वालों का सरकारी आंकड़ा पांच लाख पार कर चुका है। यह बहस का विषय हो सकता है कि यह आंकड़ा वास्तविकता के कितने करीब है। याद रहे कि पहली लहर के बाद लापरवाही की हमने बड़ी कीमत चुकाई थी और अप्रैल से जुलाई के बीच दो महीनों में दो लाख लोगों ने जान गंवायी थी। इस सबक को हम अच्छी तरह याद रखें। आने वाले समय में यदि ये सबक स्कूलों के पाठ्यक्रमों का हिस्सा बनें तो आने वाली पीढ़ियों को किसी भी संक्रामक रोग से बचाव में मदद मिल सकेगी। निष्कर्ष यही है कि किसी भी तरह की लापरवाही हमें बड़े जोखिम में ला सकती है। प्रत्येक दिन के संक्रमण के आंकड़ों में गिरावट, इलाज कराने वाले मरीजों की संख्या में कमी तथा संक्रमण दर में गिरावट का मतलब यह कदापि नहीं है कि महामारी चली गई है। यह वायरस हमारे जीवन का हिस्सा बना रहेगा और कम रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों को परेशान करता ही रहेगा। वहीं ये संकट बताता है कि हमें अपने खानपान व जीवन शैली में सुधार की जरूरत है। ऐसे में बड़ी लापरवाही नई लहर की पृष्ठभूमि भी तैयार करती है। यद्यपि पूरा देश चाहता है कि हम जल्दी सामान्य स्थिति की ओर लौटें लेकिन इसके लिये हमारे जिम्मेदार व्यवहार की बड़ी भूमिका होगी। साथ ही टीकाकरण अभियान को सार्थक परिणति देना भी उतना ही जरूरी है। यह सर्वविदित है कि सफल टीकाकरण के चलते हम तीसरी लहर को घातक बनाने से रोक पाये हैं।

# कोयला आयात में कमी लाने में मिली बड़ी सफलता : मंत्रालय



**नई दिल्ली ।** भारत अपनी अर्थव्यवस्था में बिजली की मांग बढऩे के बावजूद कोयले का उत्पादन बढ़ाते हुए इसका आयात करने में सफल रहा है। दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा खपत वाला देश है और बिजली की मांग हर साल 4.7 प्रतिशत बढ़ रही है।

कोयला मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार चालू वित्त वर्ष में नवंबर 2021 तक कोयला आधारित बिजली उत्पादन 671.906 अरब यूनिट रहा। यह वित्त वर्ष 20 की इसी अवधि के दौरान 638.82 अरब यूनिट के उत्पादन की तुलना 5.17 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। विज्ञप्ति के अनुसार आयातित कोयला आधारित बिजली उत्पादन जो अप्रैल से नवंबर 2019 के दौरान 61.78 अरब यूनिट था, चालू वित्त वर्ष 22 की इसी अवधि के दौरान 51.38 प्रतिशत कम हो कर 30.036 अरब यूनिट रहा।

गैर कोकिंग कोयले के सभी ग्रेड का आयात वित्त वर्ष 2019-20 की इसी अवधि के 13.151 करोड़ टन की तुलना में 2021-22 की अप्रैल से नवंबर की अवधि के दौरान कम होकर 10.736 करोड़ टन रहा। यह आयात में लगभग 18.36 प्रतिशत की तुलनात्मक गिरावट दर्शाता है।

मुख्य रूप से बिजली क्षेत्र में उपयोग किए जाने वाले गैर कोकिंग कोयले का आयात वित्त वर्ष 2019- 20 की इसी अवधि के 4.653 करोड़ टन की तुलना में चालू वित्त वर्ष में नवंबर, 2021 तक से 1.973 करोड़ टन तक रहा जो कोविड पूर्व की अवधि की तुलना में कोयला आयात में 57.59 प्रतिशत की कमी दर्शाता है।

बयान में कहा गया है कि कोयला क्षेत्र में आत्म निर्भरता बढ़ाने की पहल से अप्रैल से नवंबर 2021 की अवधि में कोयले का कुल आयात भी घटकर 14.714 मीट्रिक टन हो गया है, जो वित्त वर्ष 2019-20 की इसी अवधि के दौरान 16.557 मीट्रिक था। इस तरह इसमें लगभग 11.13 प्रतिशत की कमी आयी है और खासकर ऐसे समय जब कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कोयले के दाम ऊंचे स्तर पर हैं, जिसके परिणामस्वरूप इस वर्ष विदेशी मुद्रा भंडार की महत्वपूर्ण बचत हुई है। कोयला मंत्रालय ने एमएमडीआर (संशोधन) अधिनियम, 2021 के तहत खनिज रियायत (संशोधन) नियम, 1960 में भी संशोधन किया है, ताकि कैप्टिव खानों के पट्टेदारों को अपनी आंतरिक आवश्यकताओं को पूरा करने के बाद कुल अतिरिक्त उत्पादन का 50 प्रतिशत तक कोयला या लिग्नाइट बेचने की अनुमति मिल सके।

वित्त वर्ष 2021-22 में नवंबर तक कैप्टिव खानों से 5.327 टन कोयले का उत्पादन किया गया जो वर्ष 20219-20 की इसी अवधि के3.15 करोड़ टन टन से 36.06 प्रतिशत अधिक है। सुधारों से कोयले के घरेलू उत्पादन में 9.01 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और कुल कोयला उत्पादन 2019-20 की अप्रैल-नवंबर की अवधि के 41 करोड़ टन की तुलना में चालू वित्त वर्ष में नवंबर तक 44.75 करोड़ टन रहा।

# तीन दिन में ही 70प्रतिशत से ज्यादा रिटर्न, अडानी ग्रुप की कंपनी का रहा जोरदार परफॉर्मेंस



**नई दिल्ली ।** अडानी ग्रुप की एक कंपनी ने पिछले 3 दिनों में जबर्दस्त रिटर्न दिया है। यह कंपनी अडानी विल्मर है। 3 दिन में कंपनी के स्टॉक्स ने 70 फीसदी से ज्यादा का रिटर्न निवेशकों को दिया है। अडानी विल्मर के शेयर गुरुवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में 19.99 फीसदी की तेजी के साथ 381.80 रुपये पर हैं। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में कंपनी के स्टॉक 19.99 फीसदी की तेजी के साथ 386.25 रुपये के स्तर पर हैं। बीएसई और एनएसई दोनों पर आज कंपनी के शेयर फिलहाल अपर सर्किट पर हैं।

3 दिन में ही एक शेयर पर 160 रुपये से ज्यादा का फायदा- अडानी विल्मर के शेयर 8 फरवरी 2021 को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में 221 रुपये पर लिस्ट हुए थे। 10 फरवरी को कंपनी के शेयर एनएसई में अपर सर्किट के साथ 381.80 रुपये पर हैं। अगर किसी व्यक्ति ने एनएसई पर लिस्टिंग वाले दिन 221 रुपये पर कंपनी के शेयर खरीदे होते तो उसे एक शेयर पर 160 रुपये का फायदा होता। वहीं, एनएसई पर कंपनी के शेयर 227 रुपये पर लिस्ट हुए थे और आज 386.25 रुपये के लेवल पर हैं। ऐसे में प्रत्येक शेयर पर 159.25 रुपये का फायदा होता।

## अंडर-19 टीम के कप्तान यश धुल को दिल्ली रणजी टीम में मिली जगह

**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-19 विश्व कप की विजेता टीम के कप्तान यश धुल को रणजी ट्रॉफी के लिए दिल्ली टीम में शामिल किया गया तो वहीं भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज इशांत शर्मा ने 17 फरवरी से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए खुद को चयन के लिए अनुपलब्ध करार दिया है।

वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे वनडे के दौरान अहमदाबाद में धुल की अगुवाई वाली भारत अंडर -19 टीम को बीसीसीआई ने सम्मानित किया। धुल भारतीय टीम की सीमित ओवरों की प्रतिबद्धताओं के कारण अंडर -19 स्तर पर लाल गेंद से घरेलू टूर्नामेंट नहीं खेल सके थे। ऐसे में धुल को प्रथम श्रेणी की मुश्किल चुनौती का सामना करना पडेगा।

दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने कहा, उनका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है भले ही उन्होंने लाल गेंद के बहुत सारे मैच नहीं खेले हैं लेकिन हम चाहते हैं कि उन्हें प्रथम श्रेणी क्रिकेट का अनुभव मिले।

## आईपीएल 2022 की शुरुआत में वॉर्नर, रबाडा जैसे दिग्गज खिलाड़ी नहीं होंगे उपलब्ध

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के कई प्रमुख खिलाड़ी संभावित रूप से आईपीएल 2022 का शुरुआती हिस्से से चूक सकते हैं। इसकी अवधि 10 दिनों से लेकर दो हफ्तों के बीच हो सकती है। जहां पैट कमिंस, डेविड वॉर्नर और स्टीव स्मिथ 5 अप्रैल तक पाकिस्तान के दौरे पर होंगे, वहीं कैगिसो रबाडा , एनरिक नोर्त्जे और मार्को यानसन की दक्षिण अफ्रीकी तिकड़ी बांग्लादेश के खिलाफ 11 अप्रैल को समाप्त होने वाली सीरीज में व्यस्त होगी।



ऑस्ट्रेलिया के पाकिस्तान दौरे पर तीन टेस्ट मैचों की सीरीज 25 मार्च को खत्म होगी। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया को रावलपिंडी में तीन वनडे और एक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेलना है। टीमों को भेजे गए ईमेल में आईपीएल ने कहा कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान दौरे पर तीनों फॉर्मेट की टीमों में शामिल खिलाडिय़ों को 6 अप्रैल के बाद ही यात्रा करने की अनुमति दी है। साथ ही बोर्ड ने आईपीएल को सूचित किया है कि 31 मार्च से शेफील्ड शील्ड का फाइनल खेलने वाली टीमों के सभी खिलाड़ी 5 अप्रैल के बाद ही इस प्रतियोगिता के लिए उड़ान भर पाएंगे।

जहां तक सवाल दक्षिण अफ्रीकी खिलाडिय़ों का है, क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने आईपीएल को बताया है कि टूर्नामेंट के दौरान उनके खिलाड़ी बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज में व्यस्त होंगे। 18 और 23 मार्च के बीच तीन वनडे मैचों के साथ इस दौरे की शुरुआत होगी, जिसके बाद 30 मार्च से 11 अप्रैल के बीच दो टेस्ट मैच खेले जाएंगे। अभी बोर्ड ने इस दौरे के लिए टीमों की घोषणा नहीं की है। कई प्रमुख खिलाडिय़ों की अनुपलब्धता उन 10 टीमों को प्रभावित करेगी, जो इस सप्ताह के अंत में बेंगलुरु में आईपीएल की बड़ी नीलामी की तैयारी में व्यस्त हैं। वॉर्नर और रबाडा नीलामी के शुरुआत में आने वाली मार्की खिलाडिय़ों की सूची में शामिल हैं।

इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) और क्रिकेट वेस्टइंडीज ने भी स्पष्ट रूप से कह दिया है कि उनके खिलाड़ी 28 मार्च तक उपलब्ध नहीं होंगे।

## पावरग्रिड को 3349 करोड़ रुपये का तिमाही शुद्ध लाभ, 5.5 रुपये का दूसरा अंतरिम लाभांश दिया

**नई दिल्ली।** महारत्न कंपनी पावर ग्रिड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया (पावरग्रिड) ने 31 दिसंबर 2021 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकल आधार पर 10,637 करोड़ रुपये की कुल आय के साथ 3349 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया है। कंपनी की बुधवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार तीसरी तिमाही में उसकी एकीकृत कुल आय 10724 करोड़ रुपये और एकीकृत शुद्ध लाभ 3293 करोड़ रुपये रहा। चालू वित्त वर्ष में गत दिसंबर में सामाप्त पहले नौ माह में कंपनी ने कुल 31398 करोड़ की कुल आय पर 12773 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दिखाया है। कंपनी का तीन तिमाहियों का शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 52 प्रतिशत और कुल आय पांच प्रतिशत अधिक है। बयान के अनुसार कंपनी के निदेशक मंडल ने 10 रुपये अंकित मूल्य के शेयर पर वर्ष 2021-22 के लिए 55 प्रतिशत की दर से प्रति शेयर 5.5 रुपये का दूसरा अंतरिम लाभांश दिए जाने की मंजूरी दी है। इससे पहले कंपनी ने जनवरी में सात रुपये प्रति शेयर का पहला अंतरिम लाभांश जारी किया था जिसमें तीन रुपये का विशेष लाभांश था। तीसरी तिमाही में कंपनी ने एकीकृत आधार पर 3493 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय किया और 5238 करोड़ रुपये की परिसम्पत्तियों की बिक्री की।

## भारत ने वेस्ट इंडीज से दूसरा वनडे 44 रन से जीता, सीरीज पर किया कब्ज़ा



**अहमदाबाद।** मध्य क्रम के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव (64) और उप कप्तान लोकेश राहुल (49) की जुझारू पारियों के बाद तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा (12 रन पर चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के सधे हुए प्रदर्शन की बदौलत भारत ने बुधवार को यहां वेस्ट इंडीज को दूसरे वनडे में 44 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अपराजेय बढ़त बना ली।

भारत ने 50 ओवर में नौ विकेट पर 237 रन का सम्मानजनक स्कोर बनाया और बेहतर गेंदबाजी करते हुए विंडीज को 46 ओवर में 193 रन पर समेट दिया।

मेहमान टीम वेस्ट इंडीज ने टॉस जीत कर गेंदबाजी करने का निर्णय लिया और अच्छी गेंदबाजी करते हुए शुरुआत में कप्तान रोहित शर्मा, ऋषभ पंत और विराट कोहली के विकेट लेकर भारत को बड़े झटके दिए। परिणामस्वरूप मध्य क्रम पर दबाव आया, लेकिन सूर्यकुमार और राहुल ने क्रमश: पांच चौकों की मदद से 83 गेंदों पर 64 और चार चौकों और दो छक्कों के सहारे 48 गेंदों पर 49 रन की जुझारू पारियां खेल कर टीम को संकट से बाहर निकाला। दोनों के बीच चौथे विकेट 91 रन की साझेदारी हुई।

राहुल के आउट होने के बाद सूर्यकुमार ने वॉशिंगटन सुंदर के साथ पांचवें विकेट के लिए भी 43 रन की साझेदारी बनाई। फिर अंत में दीपक हुड्डा के 29, वॉशिंगटन सुंदर के 24 रन और युजवेंद्र चहल के 11 रन के योगदान की बदौलत भारत 50 ओवर में नौ विकेट पर 237 रन के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचने में कामयाब रहा। नई रणनीति के तहत पंत रोहित के साथ ओपनिंग के लिए उतरे, लेकिन दोनों सलामी बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर पाए। तीसरे ओवर की आखिरी गेंद पर नौ के स्कोर पर रोहित के रूप में भारत का पहला विकेट गिरा। वह आठ गेंदों में पांच रन बना कर आउट हुए, जबकि 39 के स्कोर पर पंत के रूप में दूसरा विकेट गिरा, जो 34 गेंदें खेल कर 18 रन पर आउट हुए, जिसमें उन्होंने तीन चौके लगाए।

## आज का राशिफल

**मेष** : तेजी से पैसे बनाने की इच्छा आपको अविचारी निर्णय लेने की तरफ प्रेरित करेगी। अत: जिस किसी व्यापार में पड़ें, उसमें शांति से विचार कर आपसे जितना संभव हो सके उतना श्रेष्ठ करने का प्रयास करें।

**वृषभ** : आज आपमें खरीददारी करने जाने का उत्साह जगेगा और अच्छी खरीदारी करेंगे । दिन का अधिकांश समय आप घर के बाहर एवं दुकानकारों के साथ भाव-मोल के संबंध में बिताएंगे।

**मिथुन**: यदि आप अपने क्षेत्र में व्यापक ज्ञान प्राप्त करेंगे, तो आपके लिए कोई भी कार्य अविलंब बिना अवरोध के पूरा करना कठिन नहीं होगा । इसके कारण आप खुशी और आनंद में रहेंगे।

**कर्क**: आपको अत्यधिक भावनाशील और उतावला नहीं बनना चाहिए। कठिन परिस्थितियों को टालने या उसकी तरफ उपेक्षा रखने की जगह उसे दूर करने का बुद्धिपूर्वक प्रयास करना चाहिए। आज आप व्यवसायिक जीवन को कम तथा कौटुंबिक तथा निजी जीवन को अधिक महत्त्व देंगे।

**सिंह** : आज आपकी अत्यधिक भावनात्मकता मित्रों या प्रियजनों को भावनाओं में भिगोएगी । विवाहोत्सुक विपरीत लिंगीय व्यक्तियों के साथ प्रगाढ़ संबंधों में बंधेंगे, ऐसी संभावना है। ऑफिस में आपका दृष्टिकोण सृजनात्मक रहेगा।

**कन्या** : दैनिक प्रवृत्तियों में लगे रहेंगे और उसपर अधिक ध्यान देंगे। विदेश में रहनेवाले किसी संबंधी या मित्र की ओर से लाभ होगा। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना पड़ेगा, क्योंकि खान-पान पर संयम न रखने से आपकी तबीयत खराब हो सकती है।

**तुला** : आज का दिन आपके लिए शुभफलदायक होगा। आर्थिक लाभ होने की संभावना है। संतानों की प्रगति के समाचार से आनंद अनुभव करेंगे। बिजनेस में पूंजी निवेश के लिए अनुकूल समय है।

**वृश्चिक**: भाग्य की धूप-छांव का अनुभव करना पड़ेगा। यदि आप कोई नई योजना या कार्य शुरू करना चाहते हों, तो उस संबंध में शतप्रतिशत निश्चित हो तो ही शुरू करें, क्योंकि आज नए कार्य शुरू न करना बेहतर रहेगा।

**धनु**: आज ग्रहों की स्थिति अनुकूल होने से आज का दिन बिना किसी उपाधियों के व्यतीत होगा । आप नए कार्य शुरू करना पसंद करेंगे, परंतु एक साथ बहुत से कार्य हाथ में न लेने की सलाह है।

**मकर** : आज आप हरेक वस्तु का अच्छा पक्ष ही देखें। यदि आपका व्यवहार आशावादी होगा तो आपके जीवन में से बहुत-सी कठिनाइयां दूर हो जाएंगी। जो लोग समाजसेवा और जलयान के साथ जुड़े होंगे उनके लिए आज का दिन सफलता का है।

**कुंभ** : आप अपने मित्र या सहकर्मियों की प्रगति से बहुत खुश होंगे। आपका साहसपूर्ण जोश बढ़ेगा और आप अधिक अच्छे भविष्य के लिए कुछ ठोस कदम लेने का निश्चय करेंगे। जीवन में तेजी से प्रगति करने की इच्छा होने पर भी आप इच्छित गति से आगे नहीं बढ़ सकेंगे।

**मीन** : आज क्रोध पर काबू रखकर मौन धारण करना अधिक अच्छा रहेगा, अन्यथा कोई खटराग और मनमुटाव होने की संभावना है। इसके अतिरिक्त पैसे खर्च करते समय भी संयम रखना आवश्यक है। आर्थिक मामले एवं पैसों की लेन-देन में बहुत संभलकर काम करें।

## 27 मई को रिलीज होगी अदिवि सेश की पेन इंडिया फिल्म मेजर

लंबे समय से दर्शक फिल्म मेजर का इंतजार कर रहे हैं। कोरोना महामारी के कारण कई बार इसकी रिलीज डेट बदली जा चुकी है। इससे पहले खबर आई थी कि फिल्म 11 फरवरी को सिनेमाघरों में आएगी, लेकिन अब फिर इसकी रिलीज डेट आगे बढ़ा दी गई है। फिल्म की राह बेसब्री से देख रहे दर्शक इस खबर से बेशक मायूस हो जाएंगे। शहीद संदीप उन्नीकृष्णन के जीवन पर आधारित यह फिल्म पर्दे पर कब आएगी, आइए जानते हैं।



2008 के मुंबई आतंकवादी हमले के शहीद मेजर संदीप उन्नीकृष्णन की कहानी दर्शकों के सामने आने वाली है। इसमें अभिनेता अदिवी शेष मेजर संदीप का किरदार निभा रहे हैं। कोरोना के चलते कई बार फिल्म की रिलीज को टाला जा चुका है। मेजर की नई रिलीज डेट की जानकारी अदिवी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए दी है। उन्होंने ट्विटर पर लिखा, 27 मई, 2022 को फिल्म मेजर दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी, मेजर का वादा है ये।

यह फिल्म पिछले साल 2 जुलाई को रिलीज होने वाली थी, लेकिन कोरोना के कारण यह टल गई। फिर फिल्म को 2022 तक के लिए टाल दिया गया। फिर खबर आई कि मेजर 11 फरवरी, 2022 को दर्शकों के बीच आएगी, लेकिन अब फिल्म की रिलीज डेट फिर बदल गई है। अदिवी कहते हैं कि वह हमेशा से चाहते थे कि मेजर को एक ऐसी रिलीज मिले, जिससे वह इस हमले में अपनी जान गवां चुके लोगों को सम्मान मिले।

## बॉलीवुड डेब्यू के लिए तैयार हैं सुहाना खान




शाहरुख खान और गौरी खान की लाडली सुहाना खान को आप सभी जल्द फिल्मों में देखने वाले हैं। वैसे सुहाना के फिल्म इंडस्ट्री में आने से पहले ही जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। आज के समय में हर कोई सुहाना खान को पर्दे पर देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। ऐसे में अब लग रहा है सभी का इंतज़ार खत्म होने वाला है। जी हाँ, अपनी पढ़ाई कर वापस भारत लौटीं को हाल ही में मुंबई में नजर आई।

सुहाना को फिल्म मेकर जोया अख्तर के ऑफिस से निकलते हुए स्पॉट किया। इस दौरान की तस्वीरों को आप यहाँ देख सकते हैं। इस तस्वीर के वायरल होने के बाद इन चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया कि क्या अब सुहाना खान अपने बॉलीवुड डेब्यू के लिए तैयार हैं? वैसे बॉलीवुड डायरेक्टर जोया अख्तर ने अपनी नई फिल्म की घोषणा पिछले साल की थी।

## 'ड्राय मूंग दाल'

**दालें भारतीय खानपान का जरूरी हिस्सा हैं। लेकिन ज्यादातर घरों में एक ही तरह की दाल बनाई जाती है। तो आज इस मौके पर क्यों न कुछ अलग तरह से बनाई जाए दाल।**



**सामग्री :**

पीली धुली हुई मूंग दाल- 1 कप, देसी घी- 2 चम्मच, जीरा- 1/2 चम्मच, हींग- चुटकीभर, लाल मिर्च पाउडर- 1/4 टीस्पून, हल्दी पाउडर- 1/4 टीस्पून, पानी- 3/4 कप, ताजी धनिया पत्ती- 2 चम्मच

**विधि :**

- मूंग दाल को दो से तीन बार पानी से धो लें और दो से तीन घंटे के लिए भिगोकर रख दें।
- पैन में घी गर्म करें। इसमें जीरे और हींग का तड़का लगाएं।
- इसके बाद इसमें हल्दी, लाल मिर्च और भिगोई हुई दाल डाल दें।
- इसके बाद इसमें पानी डालें और ढककर पकने का इंतजार करें।
- जब दाल का पानी अच्छी तरह से सूख जाए तब इसमें ऊपर से हरी धनिया डालें।
- सर्व करते वक्त ऊपर से घी भी डाल दें, स्वाद दोगुना हो जाएगा।
- रोटी, पराठे के साथ आपको अलग से सब्जी सर्व करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।


## शब्द सामर्थ्य- 346

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 345 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | ■ | की | ■ | खा | सो | आ | म |
| वा | ■ | त | म | न्ना | ■ | ■ | जा | ■ |
| न | जा | क | त | ■ | बा | अ | द | ब |
| ल | ■ | ली | ■ | वि | ला | प | ■ | हा |
| ■ | अ | फ | सा | ना | ■ | मा | हि | र |
| दा | ब | ■ | ■ | श | गु | न | ■ | ■ |
| न | ■ | उ | प | का | र | ■ | शि | ■ |
| व | ■ | त्स | ■ | र | ■ | त | क | ला |
| ■ | सा | व | न | ■ | गु | रु | वा | र |

## सू-दोकू- 346

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.345 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |